# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
## Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215

क्रमांकः हि०शि०बो०(8)/भण्डार/2025/ 1735-1785 दिनांक 09-10-2025

## अधिसूचना

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दिनांक 13-06-2025 को सम्पन्न हुई 120वीं बैठक की मद संख्या 14 के अंतर्गत लिए गए निर्णय की अनुपालना में अधिसूचित किया जाता है कि माननीय बोर्ड ने विचार विर्मश किया कि बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं का वर्ष 1970 से पुराना स्थाई रिकॉर्ड सुरक्षित है, जिसे नष्ट नही किया जा सकता है, जिसमें रिजल्ट शीटस रिजल्ट गजट इत्यादि है। इस रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित व सुरक्षित रखने के लिए व्यवस्था को अपडेट करने की आवश्यकता रहती है। क्योंकि इस अभिलेख के आधार पर प्रदेश के विद्यार्थियों को आवश्यकता अनुसार अनुलिपि प्रमाण पत्र/ अन्य सूचना प्रदान की जाती है, तथा विभिन्न विभागो से प्राप्त सम्बन्धित प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जाता है। इस रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए कॉम्पैक्टर्स क्रय किए जाने अति आवश्यक है।

माननीय बोर्ड ने यह भी विचार किया कि इस प्रक्रिया में स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय द्वारा HP State Handicraft and Handloom Corporation Ltd. Branch office Kangra से Performa Invoice मंगवाई थी जिसके अनुसार इस समस्त अभिलेख के भण्डारण के लिए लगभग ₹ 1,63,31,106/- की लागत आएगी जिसके व्यय की स्वीकृति शिक्षा विभाग के माध्यम से वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार से पूर्व में प्राप्त हो चुकी है, जिसमें यह निर्देशित किया गया है कि व्यय की व्यवस्था बोर्ड अपने निजी संसाधनों से करेगा तथा क्रय प्रकिया सरकार द्वारा निर्धारित विनियमों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएगी।

अतः बोर्ड द्वारा गहन विचार- विमर्श उपरान्त निर्णय लिया गया है कि बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं से सम्बन्धित सभी पुराने अभिलेखों/ रिकॉर्ड को (जैसे- परिणाम पत्रक, परिणाम गजट आदि) को सुव्यवस्थित व सुरक्षित रखने हेतु सभी Codal formalities नियमानुसार पूर्ण करने उपरान्त कॉम्पैक्टर्स (Compactors) क्रय कर लिए जायें।

सचिव

पृष्ठांकन संख्यः यथोपरि ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः-

1. सचिव(शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला-2।
2. निदेशक उच्चत्तर शिक्षा, हि० प्र० सरकार शिमला।
3. निदेशक, स्कूल शिक्षा हि० प्र० सरकार शिमला।
4. निजी सहायक (अध्यक्ष/सचिव)।
5. अतिरिक्त सचिव/समस्त उप/ सहायक सचिव हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6. उप नियन्त्रक, वित्त एंव लेखा ।
7. सहायक नियंत्रक, लेखा परीक्षा, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
8. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
9. प्रभारी(IT Cell), हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड को बोर्ड Website में प्रकाशित करने बारे।
10. अनुभाग अधिकारी, सामान्य शाखा को बोर्ड द्वारा 120वीं बैठक की मद संख्या 13 के अंतर्गत लिये गए निर्णय के पैरा क्रमांकः हि.शि.बो.(3)/सा०/120वीं बैठक/पैरा-2025- 3937 दिनांक 05-08-2025 की अनुपालना में जारी इस अधिसूचना की 05 प्रतियां सूचनार्थ।

सचिव

PC No.: 73B DA Code: 682


ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला काँगड़ा(हि०प्र०)-176213

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213

दूरभाष/Tele: 01892-242....., 242......, 229037

फैक्स/fax: 01892-225419, 222817

अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com

Website : hpbose.org